सं. 11017/1/2020-रा.भा.

भारत सरकार

कौशल विकास और उद्‌यमशीलता मंत्रालय

(राजभाषा अनुभाग)

पीटीआई बिल्डिंग, तृतीय तल

नई दिल्ली-110001

दिनांक: 14 सितंबर, 2020

<u>कार्यालय ज्ञापन</u>

विषय : <u>हिंदी दिवस के अवसर पर जारी अपील एवं हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ।</u>

आज हिंदी दिवस के अवसर पर माननीय कौशल विकास और उद्‌यमशीलता मंत्री जी की 'अपील' इसके साथ आपके अवलोकन हेतु भेजी जा रही है। इसी के साथ आज हिंदी पखवाड़े का विधिवत शुभारंभ हो रहा है।

अनुरोध है कि सभी अधिकारी/कर्मचारी कृपया हिंदी पखवाड़े को सफल बनाने के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

मंत्रालय के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं।

संलग्न : अपील

भवदीय

14.9.2020

(सुखबीर सिंह)

सहायक निदेशक (रा.भा.)

<u>प्रतिलिपि :</u>

1. सभी अधिकारी/कर्मचारी

D.O. No. 2015 2020/(Minister)/SDE

डॉ० महेन्द्र नाथ पाण्डेय
Dr. Mahendra Nath Pandey

सत्यमेव जयते

मंत्री
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
भारत सरकार
Minister
Ministry of Skill Development & Entrepreneurship
Government of India

दिनांक - 04.09.2020

अपील

स्वतंत्रता के बाद, 14 सितंबर, 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को संघ की राजभाषा के रूप में अंगीकार किया था। अत: हर वर्ष 14 सितंबर "हिंदी दिवस" के रूप में मनाया जाता है। संविधान के अनुच्छेद 351 के अनुसार संघ का यह कर्तव्य है कि वह हिंदी भाषा का प्रसार बढ़ाए, उसका विकास करे जिससे राजभाषा हिंदी भारत की सामासिक संस्कृति के सभी तत्वों की सशक्त अभिव्यक्ति का माध्यम बन सके।

भारत सरकार की राजभाषा नीति का आधार सद्भावना, प्रेरणा व प्रोत्साहन है। मुझे प्रसन्नता है कि कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय व इसके अधीनस्थ/संबद्ध कार्यालयों/संस्थानों में राजभाषा हिंदी का कार्य उत्साहपूर्वक किया जा रहा है और हम हिंदी के प्रयोग-प्रसार के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की ओर अग्रसर हैं।

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, कार्यालयों/संस्थानों में सितंबर माह में हिंदी पखवाड़े के दौरान अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसके लिए मैं आप सबको शुभकामनाएं व बधाई देता हूं और सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से अपील करता हूं कि स्वेच्छा एवं समर्पण की भावना से राजभाषा नीति का पालन करें। विशेषकर अधिकारियों से मेरा आग्रह है कि अपने सभी सरकारी कार्यों में सरल हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग कर अपने अधीनस्थों को भी हिंदी के प्रयोग के लिए प्रेरित करें। इस पावन अवसर पर हम सभी यह संकल्प लें कि हिंदी को विश्व में अंतर्राष्ट्रीय भाषा का दर्जा दिलाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

मैं मंत्रालय व इसके संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों/संस्थानों में आयोजित किए जाने वाले हिंदी पखवाड़े की सफलता की कामना करता हूं।

सादर!

(डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डेय)

Skill India
कौशल भारत - कुशल भारत

कमरा नं. 516, पंचम तल, 'ए' विंग श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग, नई दिल्ली - 110001
Room No. 516, 5th Floor, 'A' Wing, Shram Shakti Bhawan, Rafi Marg, New Delhi-01 Tel.: 011-23465801 Fax : 011-23465825
निवास : 9, त्यागराज मार्ग, नई दिल्ली / 9, Tyagraj Marg, New Delhi-110011
दूरभाष/Phone : +011-23018556, 23018558, मोबाईल/Mobile : +91-9415023457